नयारा एनर्जी ने भारत में 6,000 फ्यूल रिटेल आउटलेट्स का आंकड़ा पार किया

नयारा एनर्जी के फ्यूल रिटेल व्यवसाय ने वित्तवर्ष 2019–20 में 18 प्रतिशत की साल दर साल वॉल्यूम वृद्धि हासिल की

मुंबई, 05 फरवरी, 2021। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की नए युग की डाउनस्ट्रीम ऊर्जा कंपनी, नयारा एनर्जी ने आज देश मं 6,000 फ्यूल रिटेल आउटलेट्स पूरे करने की उपलब्धि हासिल होने की घोषणा की। पिछले पाँच सालों में इसके फ्यूल रिटेल आउटलेट्स की संख्या तीन गुना बढ़ी है। कंपनी ने पिछले वित्तसाल लगभग 600 रिटेल आउटलेट जोड़े। अक्टूबर, 2020 से नयारा एनर्जी नयारा ब्रांड के तहत नए रिटेल आउटलेट लॉन्च कर रही है और इसने देश में 200 से ज्यादा नए नयारा ब्रांडेड फ्यूल रिटेल आउटलेट्स का अनावरण कर दिया है।

इस अवसर पर **बी आनंद, सीईओ, नयारा एनर्जी** ने कहा, ''वित्तसाल 2019–20 में रिटेल व्यवसाय ने 18 प्रतिशत साल दर साल वृद्धि की है। नयारा एनर्जी का उद्देश्य अपने रिटेल नेटवर्क के वृद्धि के मार्ग पर बढ़ते रहना और साल, 2024 के अंत तक 7,600 फ्यूल रिटेल आउटलेट्स तक अपना विस्तार करना है, ताकि भारत के लोगों की ऊर्जा की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। हमें 2021 की पहली छमाही तक गैसोलीन एवं गैसऑईल की घरेलू मांग के कोविडपूर्व स्तर पर बहाल होने की उम्मीद है।''

स्टीफन बेयेलर, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, नयारा एनर्जी ने कहा, ''पिछले कुछ सालों में तीव्र रिटेल वृद्धि नयारा एनर्जी के भरोसे का प्रमाण है, जो इसने देश के कोने–कोने में जाकर हर जगह हासिल किया है। सबसे तेजी से बढ़ते भारत व्यापी प्राईवेट फ्यूल रिटेल नेटवर्क के रूप में हम मोबिलिटी एवं सुविधा की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने तथा हमारे ग्राहकों के अनुभव में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

नयारा एनर्जी एस्सेट लाईट, डीलर ओन्ड डीलर ऑपरेटेड मॉडल का संचालन करता है, ताकि देश में गहराई तक विस्तृत होने के लिए रिटेल नेटवर्क का तीव्र विस्तार संभव हो सके। नयारा एनर्जी देश में एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने तथा फ्यूल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नयारा एनर्जी के फ्यूल रिटेल आउटलेट्स में ग्राहक केंद्रित सेवाएं व सुविधाएं, जैसे क्विक ल्यूब चेंज सेवा, नाईट्रोजन फिलिंग सुविधाएं, साफ सुथरे रेस्टरूम, गुणवत्तायुक्त पेयजल, डिजिटल पेमेंट के विकल्प एवं मल्टी–स्पेशियल्टी कस्टमर सर्विस सेंटर होंगे। फ्लीट ग्राहकों के लिए कंपनी फ्लीट प्लस प्रस्तुत करती है, जो भारत का पहला डिजिटल लॉयल्टी कार्यक्रम है।

About Nayara Energy

Nayara Energy is a new-age downstream company of international scale with strong presence across the hydrocarbon value chain from refining to retail. In August 2017, the Indian company was acquired by international investors including Rosneft Oil Company and an investment consortium comprising of global commodity trading firm Trafigura and UCP Investment Group. The company owns and operates India's second largest single site refinery at Vadinar, Gujarat with a current capacity of 20MMTPA. The refinery is one of the world's most modern refineries with a high Nelson complexity index of 11.8, and is complemented by port infrastructure and a captive power plant. More information about Nayara Energy is available at www.nayaraenergy.com

Media contact -
Rujuta Deshpande | 9545099070 | Rujuta.Deshpande@genesis-bcw.com